भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
20.07.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 677 का उत्तर

केरल में रेल सेवाओं की पुनर्बहाली

677. श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का कोविड से पूर्व की स्थिति के अनुसार सभी रेल सेवाओं को फिर से शुरू करने का विचार है/शुरू कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) कोविड प्रतिबंधों के बाद नियमित ट्रेनों के रूप में पुन: आरंभ की गई रेल सेवाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का रेलगाड़ियों में अनारक्षित रेल की सुविधा पुनर्बहाल करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कोल्लम रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली प्रत्येक ट्रेन में अनारक्षित रेल सुविधा बहाल करने की प्रस्तावित तिथि क्या है;

(ङ) क्या सरकार का कोविड के बाद रेल सेवा बहाल करने के बाद सभी ट्रेनों को नियमित ट्रेनों में बदलने का विचार है और यदि हां, तो कोल्लम से नियमित ट्रेनों में परिवर्तित किए जाने के लिए प्रस्तावित ट्रेनों का ब्यौरा क्या है; और

(च) कोल्लम निर्वाचन क्षेत्र में बहाल किए जाने के लिए प्रस्तावित ठहरावों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

केरल में रेल सेवाओं की पुनर्बहाली के संबंध में 20.07.2022 को लोक सभा में श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन द्वारा पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न सं. 677 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (च) कोविड-19 महामारी के प्रसार को रोकने के लिए, भारतीय रेल ने 23 मार्च, 2020 से सभी नियमित यात्री गाड़ियों को बंद कर दिया था। नवंबर- 2021 से, मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों को नियमित संख्या के साथ और पुनर्गठित समय सारणी के अनुसार परिचालित किया जा रहा है। 14.07.2022 की स्थिति के अनुसार, दैनिक औसत आधार पर, भारतीय रेल में 9754 गाड़ियां परिचालित की गईं जिनमें 1867 मेल/एक्सप्रेस, 5651 उपनगरीय गाड़ियां और 2236 पैसेंजर गाड़ियां शामिल हैं। इसके अलावा, यात्री गाड़ी सेवाओं को परिचालनिक व्यवहार्यता और वाणिज्यिक औचित्य के अध्यधीन, चरणबद्ध तरीके से बहाल किया जा रहा है। इसके अलावा, भारतीय रेल में ठहरावों का प्रावधान/यौक्तिकरण परिचालनिक व्यवहार्यता, वाणिज्यिक अर्थक्षमता आदि के अध्यधीन एक सतत प्रक्रिया है।
इसके अलावा, 30.06.2022 से, कोल्लम स्टेशन से गुजरने वाली सभी मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में महामारी-पूर्व अवधि के दौरान यथा प्रयोज्य अनारक्षित सवारी डिब्बों को बहाल कर दिया गया है।
उपरोक्त के अलावा, निम्नलिखित गाड़ियों में शयनयान श्रेणी के सवारी डिब्बों को अनारक्षित करने का भी निर्णय लिया गया है: -

क्रमांक	गाड़ी संख्या	अनारक्षित किए गए सवारी डिब्बों का विवरण	अनारक्षित किया गया खंड	प्रभावी तिथि
1	16382 कन्याकुमारी-पुणे एक्सप्रेस	एस5	कन्याकुमारी-एर्नाकुलम	15.10.2022
		एस6	कन्याकुमारी-पालक्काड	15.10.2022
2	12624 तिरुवनंतपुरम-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस	एस7	तिरुवनंतपुरम-एर्नाकुलम	15.10.2022
3	16629 तिरुवनंतपुरम-मंगलुरु सेंट्रल मालाबार एक्सप्रेस	एस8	तिरुवनंतपुरम-कोट्टायम	19.10.2022
4	16630 मंगलुरु सेंट्रल-तिरुवनंतपुरम मालाबार एक्सप्रेस	एस5, एस6	कोट्टायम-तिरुवनंतपुरम	19.10.2022

5	16723 चेन्नई एग्मोर-कोल्लम अनंतपुरी एक्सप्रेस	एस10, एस11	तिरुनेलवेली-कोल्लम	19.10.2022
6	16724 कोल्लम-चेन्नई एग्मोर अनंतपुरी एक्सप्रेस	एस11	कोल्लम-तिरुनेलवेली	20.10.2022
7	16525 कन्याकुमारी-केएसआर बेंगलुरु एक्सप्रेस	एस6	कन्याकुमारी-एर्नाकुलम	07.08.2022
		एस7	कन्याकुमारी-पालक्काड	07.08.2022
8	17229 तिरुवनंतपुरम-सिकंदराबाद सबरी एक्सप्रेस	एस11, एस12	तिरुवनंतपुरम-कोयंबटूर	14.10.2022
9	16346 तिरुवनंतपुरम-लोकमान्य तिलक (ट.) एक्सप्रेस	एस8	तिरुवनंतपुरम-एर्नाकुलम	14.10.2022

*****